कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रीवा

(ए.डी.आर. सेंटर भवन, जिला न्यायालय परिसर रीवा म0प्र0) ई–मेल– **secdlsarwa@mp.gov.in**

क्र0 368/वाहन चालक/जिविसेप्रा/2026 रीवा दि0 23/06/2026

//सूचना//

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के अनुदान अंतर्गत बहुपयोगी वाहन हेतु संविदा आधार पर मानदेय के वाहन चालक के एक पद की भर्ती के संबंध में कार्यालय द्वारा जारी भर्ती विज्ञप्ति कमांक 94/वाहन चालक/जिविसेप्रा/2026 दिनांक 17.04.2026 के अनुक्रम में प्राप्त आवेदनों की जांच एवं छंटनी उपरांत पात्र अभ्यर्थियों की सूची तैयार की गई है।

वाहन चालक पद हेतु पात्र पाए गए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया की कार्यवाही निम्नानुसार आयोजित की जाएगी।

दिनांक 01 जुलाई 2026 (बुधवार)
समय– प्रातः 09:00 बजे से
स्थान– कान्फ्रेंस हॉल, भूतल, नवीन जिला न्यायालय भवन, रीवा (म0प्र0)

अतः संलग्न सूची में उल्लेखित समस्त पात्र अभ्यर्थी अपने समस्त मूल दस्तावेजों, ड्राईविंग लाइसेंस, शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण–पत्रों (जो अभ्यर्थी द्वारा आवेदन में संलग्न किया गया है) इत्यादि सहित निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

निर्धारित तिथि में एवं समय पर अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थयों को चयन प्रक्रिया से अनुपस्थित माना जाएगा।

आवश्यक सूचना– वाहन चालक पद हेतु आयोजित वाहन चालन परीक्षण (Driving Test) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रीवा द्वारा उपलब्ध कराए गए चार पहिया वाहन से संपन्न कराया जाएगा। वाहन चालन परीक्षण के दौरान अभ्यर्थी द्वारा वाहन चलाते समय यदि कार्यालय के वाहन, न्यायालय परिसर में खड़े किसी अन्य वाहन, भवन, संपत्ति अथवा किसी अन्य व्यक्ति को किसी प्रकार की क्षति पहुंचती है, तो उसके लिए संबंधित अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा। ऐसी स्थिति में क्षतिपूर्ति/प्रतिकर की राशि संबंधित अभ्यर्थी से वसूल किये जाने की कार्यवाही की सकेगी। वाहन चालक परीक्षण में सम्मिलित होने से पूर्व प्रत्येक अभ्यर्थियों को इस संबंध में निर्धारित घोषणा–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। घोषणा–पत्र का प्रारूप इस सूचना पत्र के साथ संलग्न है।

संलग्न– उपरोक्तानुसार

महत्वपूर्ण सूचना– जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रीवा द्वारा चयन प्रक्रिया के संबंध में किसी भी अभ्यर्थी से दूरभाष अथवा अन्य माध्यम से धनराशि की मांग नहीं की जाती है। यदि कोई व्यक्ति चयन अथवा नियुक्ति दिलाने के नाम पर धनराशि अथवा अन्य लाभ की मांग करता है तो अभ्यर्थी उसकी सूचना तत्काल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रीवा को दे। चयन पूर्णतः योग्यता एवं समिति के निर्णय के आधार पर किया जाएगा।

23/06/26

न्यायाधीश/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
जिला रीवा (म0प्र0)

कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रीवा

संविदा आधार पर वाहन चालक पद हेतु आहूत किए गए आवेदन पत्रों के स्क्रुटनी उपरान्त साक्षात्कार हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची

S.No.	Application No.	Applicant Name
1	1	Subhash Bharti
2	2	Kamlesh kumar patel
3	3	Vishwanath bohat
4	4	Pushpendra singh
5	5	Himanshu namdev
6	6	Rahul Shukla
7	7	Siddharth shukla
8	8	Ajhar ahmad, siddhiqui
9	9	Dharmendra singh
10	10	Rajesh kumar yadav
11	11	Devesh singh narwariya
12	12	Krishnakant katare
13	13	Chandrakant Pandey
14	14	Dhirendra kumar shukla
15	15	Chandrakar pathak
16	16	Manoj Sondhiya
17	17	Prashant singh
18	18	Panjab singh
19	19	Gaurav kumar nirat
20	20	Rajendra Prasad Saket
21	21	Utkarsh Verma
22	22	Sunil kumar singh
23	23	Virendra singh bahroliya
24	24	Bhoopendra Prasad kol
25	25	Vijay kumar yadav
26	26	Vivek kumar singh
27	27	Amit tiwari
28	28	Anurag Sharma
29	29	Shailendra kumar tiwari

–:घोषणा–पत्रः–

मैं.....S/o.....

निवासी .....

यह घोषणा करता हूं कि मैं दिनांक 01.07.2026 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रीवा द्वारा आयोजित संविदा वाहन चालक पद हेतु आयोजित चयन प्रक्रिया के अंतर्गत वाहन चालन परीक्षण (Driving Test) में स्वेच्छा से सम्मिलित हो रहा हूं।

मुझे ज्ञात है कि वाहन चालन परीक्षण कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए वाहन से आयोजित किया जाएगा। परीक्षण के दौरान मेरे द्वारा वाहन संचालन करते समय यदि कार्यालय के वाहन, न्यायालय परीसर में स्थित किसी अन्य वाहन, भवन, संपत्ति अथवा किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की क्षति, हानि अथवा दुर्घटना कारित होती है, तो उसके लिए मैं स्वयं उत्तरदायी रहूंगा

मैं यह भी स्वीकार करता हूं कि ऐसी स्थिति में क्षति/हानि की प्रतिपूर्ति अथवा प्रतिकर राशि का भुगतान करने हेतु मै अपनी सहमति प्रदान करता हूं तथा इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रीवा के निर्णय का पालन करूंगा।

दिनांक– 01.07.2026

स्थान– रीवा (म0प्र0)

आवेदन क्रमांक–

अभ्यर्थी का नाम एवं हस्ताक्षर एवं मोबाईल नंबर